# संगणक केन्द्र

## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी

# संगणक केन्द्र द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों का विवरण

# विश्वविद्यालय परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश तथा परीक्षा कार्यक्रम का सम्पादन

विश्वविद्यालय द्वारा संगणक केंद्र को हेल्पडेस्क के रूप में स्थापित किया गया है। संगणक केन्द्र द्वारा प्रवेशार्थियों, महाविद्यालयों , बैंक तथा कार्यदायी संस्था के मध्य समन्वय स्थापित कर किसी भी समस्या का 24 x 7 निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही प्रवेश हेतु काउंसिलिंग में प्रबन्धन इत्यादि कार्य देखते हुए अंतिम प्रवेश सूची का प्रकाशन किया जाता है।

प्रत्येक पाठ्यक्रम में परिसर में प्रवेश हेतु छात्र ऑनलाईन आवेदन करते हैं। रीयल टाइम पेमेण्ट सिस्टम के माध्यम से शुल्क जमा होते हैं जिससे समय की बचत तथा सिंगल विंडो सिस्टम - बैंको में जाने की निर्भरता खत्म हुई। छात्रों के लॉगिन में उनके शुल्क विवरण, प्रवेशावेदनपत्र पुनर्मुद्रण, महत्वपूर्ण सूचनायें फिंगर टिप्प्स पर उपलब्ध है।

प्रवेश सम्बन्धी प्रवाह

विभिन्न पाठ्यक्रमों में परीक्षा कार्यक्रमों के निमित्त छात्रों के लॉगिन पर परीक्षाशुल्क और परीक्षावेदन पत्र भरने का विकल्प उपलब्ध होता है। परीक्षार्थी अपने प्रवेशपत्रों को लॉगिन के माध्यम से मुद्रित कर सकते हैं।

प्रत्येक महाविद्यालय को उपलब्ध कॉलेज लागिन पर उस महाविद्यालय के प्रवेश, परीक्षा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र, यथा प्रवेशपत्र (Admit Card), परीक्षावेदन पत्र (Exam Form), उपवेशन (Desk slip), नामावली (Nominal roll), दैनिकोपस्थिति (Verification) इत्यादि प्रपत्र उपलब्ध होते है।

परीक्षा-प्रपत्र

छात्रों के समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल व्यवस्थित क्रम में वर्षवार, पाठ्यक्रमवार, संवर्गवार प्रवेश-परीक्षा पोर्टल पर वर्ष 2015 से उपलब्ध है जिनके प्रिंट परीक्षार्थी ले सकते हैं।

विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रों की सुविधा हेतु संगणक हेल्पडेस्क 24 x 7 सेवारत रहता है।

शिकायत निवारणार्थ विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर Grievance redressal system उपलब्ध है।

वैश्विक महामारी के समय छात्रों को ऑनलाईन पाठ्यसामग्री

http://apps.ssvvonline.in/SSVV/e-pathshala.html

पर उपलब्ध करायी गई है तथा समर्थ पोर्टल द्वारा LMS उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों/कर्मचारियों हेतु WiFi सुविधा उपलब्ध है। NKN द्वारा प्रदत्त 1जी.बी.पी.एस. लीज लाईन के माध्यम से यह सुविधा परिसर में है।

सीवेज एवं पेयजल की पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के कारण इण्टरनेट व्यवस्था बाधित है जो शीघ्रताशीघ दुरूस्त कर ली जाएगी।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट प्रत्येक दिवस अद्यतन की जाती है।

Examination Records Verification नियोक्ताओं द्वारा समय- समय पर अभ्यर्थियों के गोपनीय परीक्षा दस्तावेजों की जांच हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन मल्टीलेयर रूप में प्रथम प्रति, द्वितीय प्रति तथा संगणक डाटा से मिलान कराये जाने के पश्चात् अभियुक्ति प्रदान करता है।

विदेशी छात्रों के ऑथेन्टिकेशन के लिए FRRO (Foreigners Regional Registration Office) के पोर्टल पर फार्म S व फार्म C भरने का महत्वपूर्ण कार्य संगणक-केन्द्र द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है।

दीक्षांत महोत्सव पर अंतिम खण्ड के छात्रों के रिकार्ड्स के विश्लेषण कर पदक अर्ह स्नातकों की सूची तैयार की जाती है।

राजभवन /कुलाधिपति कार्यालय द्वारा संचालित विश्वविद्यालय प्रबन्धन पोर्टल पर समस्त विभागानुभागों के विभिन्न निर्धारित डाटा प्रारूपों में प्रत्येक माह आंकडों/विवरणों को अद्यतन किया जाता है जिससे विश्वविद्यालय की माहवार प्रगति आख्या राजभवन को उपलब्ध होती है।

विश्वविद्यालय परिसर तथा उ0प्र0 के सम्बद्ध महाविद्यालयों हेतु उ0प्र0 सरकार के डीजीशक्ति पोर्टल का सतत प्रबन्धन, Data Authentication and approval सम्पादित किया जाता है|

विश्वविद्यालय में समस्त कार्यों को डीजीटाइज करने, पारदर्शी बनाने तथा कार्यों को गति प्रदान करने के निमित्त समर्थ ई.आर.पी. के 42 माड्यूल्स को इम्प्लीमेंट किया गया है जिसमें निम्नलिखित माड्यूल गतिमान हैं-

1- Academics माड्यूल ग्रुप समूह-

Alumni Portal, Hostel Management, Programme Management, Student, Student Feedback Management

# 2- Base Configuration माड्यूल ग्रुप समूह

## Organizational Units, Users

## 3- Employee माड्यूल ग्रुप समूह

HR, Knowledge Management System, Leave Management, Payroll

## 4- Finance & Accounts माड्यूल ग्रुप समूह

Bill Tracking System, Financial Supply Chain Management, Inventory Management System

## 5- Governance माड्यूल ग्रुप समूह

Affiliation Management, Content Federation System, Core Messaging System, Endowment Portal, Essential Services, Estate Management System, File Management & Tracking, Grievance Management, Health Facilities, IT Service Desk (for University Computer Center), Legal Case Management System, Minutes and Resolutions Archive and Retrieval System, RTI Management, Security Management, Sports Facilities

ICT की महत्ता को देखते हुए निकट भविष्य में समस्त अध्यापक-गण, अधिकारी, कर्मचारियों को कार्य में दक्ष करने / प्रशिक्षित करने की योजना है।

# धन्यवाद